## आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 11.02.2025** **समय : 07.10pm**

### बुलेटिन के मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस में एआई शिखर सम्मेलन में की फ्रांस के राष्ट्रपति के साथ सहअध्यक्षता।
- उद्योग संवर्धन नीति सहित कई महत्वपूर्ण नीतियों को प्रदेश मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी।
- ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पहले मुख्यमंत्री कल नईदिल्ली में देश–विदेश के निवेशकों के साथ करेंगे बैठक।
- माघी पूर्णिमा के अवसर पर प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तैयारियों जोरो पर।

### समाचार विस्तार से:–

**प्रधानमंत्री-एआई शिखर सम्मेलन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस में एआई शिखर सम्मेलन में, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस-एआई के परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए इसे वर्तमान सदी में मानवता के लिए कोड लिखने वाली एक निर्णायक शक्ति बताया है।

प्रधानमंत्री ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉ के साथ शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि एआई किसी भी पिछली महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धि के विपरीत है, जिसके लिए शासन के लिए वैश्विक, दायित्वपूर्ण और समावेशी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है।

प्रधानमंत्री ने एआई अपनाने में भारत के नेतृत्व को प्रदर्शित करते हुए, देश के डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना-डीपीआई की भी चर्चा की। डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना ने शासन को आधुनिक बनाया है और न्यूनतम लागत पर एक अरब 40 करोड़ लोगों के जीवन को बेहतर बनाया है।

**कैबिनेट बैठक**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में आज उद्योग संवर्धन नीति सहित कई नीतियों को स्वीकृति दी गई। बैठक में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन पॉलिसी को मंजूरी दी गई। साथ ही मध्यप्रदेश फिल्म पर्यटन नीति, पर्यटन नीति और उद्योग समेत अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर भी मुहर लगाई है। बैठक के बाद नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय कहा कि प्रदेश के इतिहास में रोजगार देने वाली इतनी पॉलिसी एक साथ कभी नहीं आई जो इस कैबिनेट में सर्वसम्मति से मंजूर की गई है। उन्होंने बताया कि शिवपुरी में एयरपोर्ट बनाने की मंजूरी दी है। इसके साथ ही  लॉजिस्टिक पॉलिसी, उद्योगों को 200 करोड़ तक की सहायता, 'एक जिला, एक उत्पाद' नीति,  टेक्सटाइल, खिलौना हब ,मेडिकल डिवाइस नीति को भी मंजूरी दी गई । इसके अलावा  इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल नीति और एफडीआई को बढ़ावा देने की नीति को भी स्वीकृति  दी गई है। हाइड्रो पंप स्टोरेज नीति को हरी झंडी दी गई हैं। उन्होंने बताया कि औद्योगिक निवेश के लिए समय सीमा के अंदर सारी अनुमतियां देना चाहिए, इस संबंध में बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं

**मुख्यमंत्री कर्टेन रेजर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल नई दिल्ली में इंवेस्ट एमपी जीआईएस-2025 के कर्टेन रेज़र कार्यक्रम में देश-विदेश के निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिये आमंत्रित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेशकों के साथ वन-टू-वन मीटिंग और इंटरैक्टिव राउंडटेबल कर आगामी ग्लोबल समिट के नवाचारों से अवगत करायेंगे। कार्यक्रम में पहली राउंडटेबल मीटिंग में टेलीकॉम कंपनियों के प्रतिनिधि और दूसरी राउंडटेबल मीटिंग में विभिन्न देशों के राजदूत शामिल होंगे। इसमें निवेश और साझेदारी की नई संभावनाओं पर चर्चा होगी। कार्यक्रम में शामिल होने वाले उद्योग जगत के प्रतिष्ठित प्रतिनिधि अपने अनुभव साझा करेंगे। प्रबंध निदेशक एमपी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन चंद्रमौली शुक्ला निवेशकों का स्वागत एवं आभार प्रकट करेंगे।

**मुख्यमंत्री नमोवन**

भोपाल में आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 7 करोड़ की लागत से शहर के पहले हाईटेक 'नमो वन वाटिका' का भूमिपूजन किया। इसके तहत वीआईपी रोड के किनारे 3 एकड़ में करीब 7 करोड़ रुपए से पार्क विकसित होगा। मुख्यमंत्री ने, अमृत-2.0 योजना के तहत करीब 400 करोड़ रुपए के सीवेज प्रोजेक्ट की शुरुआत भी की। साथ ही 3 करोड़ रुपए से खरीदी गई 4 सीवर कम जेटिंग मशीनों और पुरानी बसों को बस स्टॉप में तब्दील करने के कार्य का लोकार्पण भी किया।

**महाकुंभ - माघी पूर्णिमा**

माघी पूर्णिमा के अवसर पर कल होने वाले स्नान के लिए प्रयागराज महाकुंभ में तैयारियां जोरों पर हैं। इस स्नान का बहुत महत्व है क्योंकि यह कल्पवास करने के विशेष अनुष्ठान का समापन है। इस अवधि के दौरान कल्पवासी संगम के घाटों के पास अस्थायी आवासों में रहते हैं। इस वर्ष महाकुंभ में 10 लाख से अधिक लोगों ने कल्पवास किया है। अधिक जानकारी हमारे संवाददाता से..

**इस बीच** उत्तर रेलवे ने बताया है कि प्रयागराज के महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आज 93 से अधिक रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। कल तीन सौ चौंतीस रेलगाडियां चलाई गईं थी। प्रयागराज के सभी आठ स्टेशनों पर यात्रियों के लिए सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

**जीआईएस**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी को भोपाल में दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 का शुभारंभ करेंगे। समिट के दूसरे दिन समापन कार्यक्रम में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी 23 फरवरी को छतरपुर में कैंसर अस्पताल का भूमि-पूजन करेंगे। अगले दिन 24 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का शुभारंभ करेंगे। भोपाल में 24-25 फरवरी को होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर समिट की तैयारी जारी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज कुंभ पहुंच रहे जन सैलाब के संदर्भ में कहा कि मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों के श्रद्धालुओं की संख्या भी काफी अधिक है। रीवा की ओर से प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। महाराष्ट्र सीमा पर भी श्रद्धालुओं और वाहनों के आवागमन का प्रबंधन किया जा रहा है।

**सेफर इंटरनेट दिवस**

सेफर इंटरनेट दिवस के अवसर पर आज प्रदेश में कई जागरुकता के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। डिंडौरी में शासकीय चंद्रविजय महाविद्यालय में इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देने और ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में जिला एन.आई.सी. के तत्वाधान में जिला स्तर पर जागरुकता कार्यशाला आयोजित की गई। अशोकनगर में कलेक्ट्रेट कार्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन

किया गया। इसमें डी.आई.ओ. राहुल वर्मा और एन.आई.सी. इंजीनियर शिवराम नामदेव द्वारा साइबर सुरक्षा के संबध में विस्तृत जानकारी दी गई ।आगरमालवा में जिला स्तर पर जागरूकता लाने हेतु ई-दक्ष केन्द्र में आयोजित हुइ कार्यशाला में ई-ऑफिस कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

**समाचार संक्षेप में .....**

- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आज आठवें जनजातीय साहित्य महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश के जनजाति कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह, NITTTR भोपाल के निदेशक प्रो. चंद्र चारु त्रिपाठी उपस्थित रहे।
- केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल शिवपुरी जिले के बीजरौनी और रामगढ़ पहुंचकर गुजरात में बस दुर्घटना में मृतक श्रद्धालुओं के परिजन से मुलाकात की और शोक संवेदना व्यक्त की।
- छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने जिला स्तरीय जनसुनवाई में अधिकारियों को आवेदनों के निराकरण में गंभीरता बरतने और प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।
- खण्डवा कलेक्टर ने आज जिला चिकित्सालय और नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खंडवा का निरीक्षण किया।
- बर्डफ्लू की आशंका के चलते जिला प्रशासन ने छिंदवाड़ा में राज टॉकीज क्षेत्र में 30 दिन तक चिकन–मटन और अंडों की बिक्री को बंद कर दिया गया है।
- नर्मदापुरम में कल से मढ़ई के कोर क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लागू कर दिया जायेगा।
- सीहोर कलेक्टर बालागुरू के. ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक मे अधिकारियों को राजस्व वसूली के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।
- जबलपुर जिला अस्पताल विक्टोरिया में हार्ट पेशेंट के लिए मॉडर्न 2D ईको मशीन से जांच शुरू की गई है जिला अस्पताल में यह सुविधा निशुल्क उपलब्ध होगी।

## मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस में एआई शिखर सम्मेलन में की फ्रांस के राष्ट्रपति के साथ सहअध्यक्षता।
- उद्योग संवर्धन नीति सहित कई महत्वपूर्ण नीतियों को प्रदेश मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी।
- ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पहले मुख्यमंत्री कल नईदिल्ली में देश–विदेश के निवेशकों के साथ करेंगे बैठक।

- माघी पूर्णिमा के अवसर पर प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तैयारियों जोरो पर।

.....................